
हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026

06 जीवन में पुण्य संचय कर आत्मकल्याण की ओर बढ़ें: मुनि श्रमण...



07 उज्जैन से अयोध्या जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर...



राघौगढ़ | मुंगावली | आरोन | चाचौड़ा | कुंभराज | ब्यावरा | सारंगपुर | नरसिंहगढ़ | खिलचीपुर | जीरापुर | चंदेरी | नईसराय | ईसागढ़

समाचार संक्षेप

विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल की मासिक बैठक आज होगी

गुना। विश्व गीता प्रतिष्ठानम स्वाध्याय मंडल नगर गुना की मासिक बैठक 14 नवंबर शनिवार को शाम 5 बजे शास्त्री पार्क स्थित शिवालय मंदिर में आयोजित की जाएगी। बैठक में विकासखंड स्तर पर स्वाध्याय शुरू कराने, गीता जयंती के आयोजन स्थल एवं समय निर्धारित करने, गीता ओलम्पियाड परीक्षा की प्रगति की समीक्षा करने सहित स्वाध्याय में दायित्ववान कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों की सहभागिता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला संयोजक बृजभूषण शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं एवं धर्मप्रेमियों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

मोतीपुरा पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत

गुना। जिले के जामनेर थाना क्षेत्र अंतर्गत मोतीपुरा गांव की पुलिया के पास दो बाइकों की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में दोनों वाहनों के चालकों सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मोतीपुरा निवासी पुरुषोत्तम यादव अपनी स्पलेंडर बाइक क्रमांक एमपी 40-4376 से मधुसूदनगढ़ से डीजल लेकर लौट रहे थे। इसी दौरान मोतीपुरा पुलिया के पास सामने से आ रही बिना नंबर की नई सुपर स्पलेंडर बाइक के चालक राहुल पुत्र जोरावर मीना निवासी कांकरया, थाना मृगवास ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में पुरुषोत्तम यादव गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद गुना रेफर किया गया है। वहीं, दूसरी बाइक पर सवार राहुल मीना, उनकी पत्नी नंदनी और साला रमन भी सडक़ पर गिरकर घायल हो गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर क्रॉस मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

रुपए चोरी के शक में महिला के साथ ससुराल पक्ष ने की मारपीट

गुना। जिले के फतेहगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भूमराखेड़ी में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ उसके पति, सास और देवरानी ने मिलकर मारपीट कर दी। घर में रखे रुपए गायब होने की बात पूछने पर उपजे विवाद में आरोपियों ने उसे लाठी व थप्पड़ों से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम भूमराखेड़ी निवासी बिरज बाई पत्नी दयाल सहरिया ने थाने पहुंचकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उनके पति की मौत के बाद वे दयाल सहरिया के साथ रह रही हैं, जिसे लेकर सास सावित्री बाई और देवरानी रेखाबाई उन्हें अक्सर ताने देती थीं। गत 12 नवंबर को जब बिरज बाई मजदूरी से रात करीब 9 बजे घर लौटीं, तो संदूक में रखे 2 से 3 हजार रुपए गायब मिले। रुपए के बारे में पूछताछ करने पर सास, देवरानी और पति दयाल भडक़ गए और उन पर चोरी का झूठा आरोप लगाने का इल्जाम मढऩे लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गालियां दीं। इस दौरान देवरानी रेखाबाई ने लाठी से हमला कर उनके बाएं हाथ में कोहनी के नीचे चोट पहुंचाई, जबकि सास और पति ने थप्पड़ों से मारपीट कर पीठ पर मूंदी चोटें पहुंचाईं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश के चलते शराबी ने मार डाली 5 महीने की बछिया

गुना। जिले के बमोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी रंजिश को लेकर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक व्यक्ति ने बेरहमी से पांच महीने की बछिया को दौड़ा-दौड़ाकर पत्थरों से पीटकर मार डाला। पुलिस ने फरियादी की मौखिक रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बमोरी निवासी भानू किरार और अशोक किरार के बीच रास्ते को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे जब भानू अपनी दुकान पर थे, तब उनकी पत्नी पूजा किरार ने फोन कर सूचना दी कि अशोक किरार ने उनकी 5 महीने की बछिया को दौड़ाकर पत्थर से बुरी तरह मारा है। मारपीट से घबराकर भागी बछिया पास ही तारफेंसिंग (कटीले तारों की बाढ़) में फंस गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

रेलवे की लापरवाही से यात्रियों के टिकट का पैसा डूबा, रिफंड की उठी मांग

मेमू ट्रेन की लेटलतीफी से छूटी इंदौर एक्सप्रेस, यात्रियों को आर्थिक नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



भारतीय रेलवे की लचर कार्यशैली और ट्रेनों के लगातार घंटों विलंब से चलने का खामियाजा एक बार फिर आम यात्रियों को भुगतना पड़ा है। बीना से रुठियाई तक संचालित होने वाली मेमू ट्रेन (संख्या 61611) की भारी लेटलतीफी के चलते सैकड़ों यात्रियों की आगे की कनेक्टिंग यात्रा अधर में लटक गई। समय पर रुठियाई न पहुंच पाने के कारण यात्रियों की इंदौर जाने वाली महत्वपूर्ण ट्रेन (कोटा-इंदौर एक्सप्रेस, संख्या 22983) आंखों के सामने से निकल गई। इस गंभीर लापरवाही के कारण पहले से महंगे आरक्षित टिकट बुक करा चुके दर्जनों यात्रियों के समक्ष टिकट का पैसा डूबने का आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

घटना से जुड़ा यात्रियों का आक्रोशित वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर आवाज मुखर हो गई है। इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए सीधे रेल प्रबंधक को वस्तुस्थिति से अवगत कराया है। उन्होंने रेल प्रशासन के समक्ष पुरजोर मांग उठाई है कि रेलवे की लचर व्यवस्था के कारण जिन यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेन छूटी है, उनके आरक्षित टिकटों का पूरा पैसा रेलवे द्वारा वापस किया जाए।

बिना जुर्माने के नियमों पर खड़े किए तीखे सवाल

इस बारे में सुनील आचार्य ने रेल प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए तीखे सवाल किए हैं कि जब रेलवे बिना टिकट यात्रा करने वाले या नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्रियों से भारी-भरकम जुर्माना वसूलने में एक पल की भी देर नहीं करती, तो फिर प्रशासनिक लेट-लतीफी के कारण यात्रियों के नुकसान की जवाबदेही रेलवे क्यों नहीं लेती? उन्होंने कहा कि आखिर गरीब मजदूरों, मरीजों, छात्र-छात्राओं और नौकरीपेशा वर्ग को रेलवे की नाकामी का खमियाजा अपनी जेब ढीली करके क्यों भुगतना पड़े?

कनेक्टिंग सुविधा पर लगा ग्रहण

ज्ञात हो कि बीना से रुठियाई के बीच मेमू ट्रेन के संचालन का मुख्य उद्देश्य मुंगावली, पिपरई, रतवास, अशोकनगर, शाढ़ौरा और पगारा जैसे ग्रामीण व शहरी अंचलों के हजारों यात्रियों को रुठियाई से इंदौर जाने वाली सीधी ट्रेन की कनेक्टिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन, मेमू के रोजाना घंटों देरी से चलने के कारण इस पूरी योजना का मूल उद्देश्य ही धूमिल हो रहा है। रुठियाई से इंदौर के लिए दिनभर में दूसरी कोई सीधी ट्रेन न होने के कारण यात्रियों की इस रूट पर भारी निर्भरता रहती है। ट्रेन छूटने की हताशा में यात्रियों को प्लेटफॉर्मों पर भारी भागदौड़ करनी पड़ती है, जिससे कभी भी कोई बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है।

स्थाई सुधार की सख्त जरूरत

प्रभावित यात्रियों और स्थानीय नागरिकों ने रेल मंत्रालय व मंडल प्रशासन से मांग की है कि मेमू ट्रेन संख्या 61611 के संचालन समय में तत्काल संशोधन किया जाए, ताकि यह कोटा-इंदौर एक्सप्रेस के समय से तालमेल बिठा सके। ट्रेन का विस्तार करना तभी सार्थक सिद्ध होगा जब इसका संचालन समयबद्ध तरीके से हो। रेलवे को इस दिशा में ठोस कदम उठाते हुए यात्रियों के हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई का रास्ता निकालना चाहिए।

राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता के लिए रवाना हुई गुना की टीम

भोपाल के आरएनटीयू में दिखाएंगी प्रतिभा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में भोपाल स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) में 14 से 16 नवंबर तक 7वीं राज्य स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गुना जिले की योगासन टीम उत्साह के साथ भोपाल रवाना हो गई है। नेशनल योगासन जज एवं गुना योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगाचार्य महेश पाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में गुना जिले के जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक-बालिकाएं विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। गुना जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों में आर्टिस्टिक सिंगल वर्ग से शुभी वर्मा एवं जिगिशा नीखरा शामिल हैं। वहीं, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल स्पर्धा में सरोज मीना, शताक्षी शर्मा, काजल चौधरी, नैना चौधरी, ऋषभ बुनकर एवं शिवांग सिंह यादव अपनी योगासन प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन योगासन भारत के निर्धारित पाठ्यक्रम एवं आधुनिक माइक्रो मार्किंग सिस्टम के आधार पर किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों की तकनीक, संतुलन, सटीकता और प्रदर्शन का बारीकी से आकलन किया जाएगा। खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने के लिए कोच संदीप सिंह लोधा और सरोज मीणा भी टीम के साथ भोपाल रवाना हुए हैं। गुना के इन प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों से जिलेवासियों को बेहतर प्रदर्शन और पदक जीतने की उम्मीद है।

तेलघानी चौराहे पर सड़क तक पसरा कबाड़

आए दिन लग रहे जाम से राहगीर व दुकानदार परेशान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर के प्रमुख और व्यस्ततम हिस्सों में शुमार तेलघानी चौराहे पर इन दिनों कबाड़ कारोबारियों की अवैध मनमानी ने यातायात व्यवस्था को पूरी तरह से पटरी से उतार दिया है। मुख्य सडक़ और उसके आसपास के बड़े हिस्से पर कबाड़, टीन-टप्पर और लोहे का अन्य सामान फैला रहने से मार्ग बेहद संकरा हो गया है। स्थिति यह है कि दिनभर यहां से गुजरने वाले हजारों वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों ने नगर पालिका और यातायात पुलिस से जल्द से जल्द इस अतिक्रमण को हटवाने की पुरजोर मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तेलघानी चौराहा एक ऐसा मार्ग है जहां सुबह से देर शाम तक भारी ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। सडक़ पर फैला कबाड़ इस आवाजाही में बड़ा रोड़ा बन गया है, जिसके कारण आए दिन चौराहे पर जाम की स्थिति बन जाती है और लोगों को रेंग-रेंगकर चलना पड़ता है।

स्थिति इतनी विकट है कि सडक़ पर फैली सामग्री के चलते वाहन चालकों और राहगीरों के बीच आए दिन विवाद और खींचतान की स्थिति भी बनी रहती है। इस अव्यवस्था का सबसे बुरा प्रभाव स्थानीय दुकानदारों के व्यापार पर पड़ रहा है। दुकानदारों का कहना है कि कबाड़ का सामान उनकी दुकानों के सामने तक फैला रहता है, जिसके कारण दूर-दूर तक ग्राहक उनकी दुकानों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। कई बार भीषण जाम और दुकान के आगे फैली गंदगी के चलते ग्राहक बिना खरीदारी किए ही उल्टे पैर लौटने को मजबूर हो जाते हैं, जिससे व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इसके अलावा, खुले में पड़े कबाड़ के ढेर से इलाके में लगातार गंदगी और बदबू भी बढ़ रही है।

नेपाल से बेटे के पास बेंगलुरु जाते समय रास्ता भटक गए थे ईश्वरीय खडायत

समाजसेवी भार्गव की पहल लाई रंग, एक माह से बिछड़े बुजुर्ग को मिला परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



समाजसेवा और इंसानियत की मिसाल पेश करते हुए गुना के समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने नेपाल के एक बुजुर्ग को उनके परिवार से मिलवाने में अहम भूमिका निभाई। करीब एक महीने पहले रास्ता भटककर भारत पहुंचे नेपाल निवासी ईश्वरीय खडायत अपने परिजनों से बिछड़ गए थे। परिजन लगातार उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनका कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था। जानकारी के अनुसार, ईश्वरीय खडायत नेपाल से अपने बेटे के पास बेंगलुरु जा रहे थे। उनका एक बेटा मलेशिया में नौकरी करता है, जबकि दूसरा बेंगलुरु में कार्यरत है।

इसी दौरान रास्ते में वे भटक गए और परिवार से उनका संपर्क टूट गया। इसके बाद नेपाल में उनके परिजनों ने मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र सहित कई स्थानों पर उनकी तलाश की। इसी बीच गुना के समाजसेवी प्रमोद भार्गव की नजर बुजुर्ग पर पड़ी। उन्होंने उन्हें अपने पास रखा और स्नेहपूर्वक बातचीत कर उनके घर-परिवार के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पता चला कि बुजुर्ग नेपाल के कंचनपुर जिले की शुक्लाफांटा नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 10 के निवासी हैं। इसके बाद प्रमोद भार्गव ने कंचनपुर जिले के एक पत्रकार से संपर्क किया और उनके माध्यम से बुजुर्ग के परिजनों का पता लगाया। परिवार से संपर्क होने के बाद उनकी बातचीत भी करवाई गई। जैसे ही परिजनों को ईश्वरीय खडायत के सकुशल मिलने की जानकारी मिली, वे तत्काल नेपाल से गुना के लिए रवाना हो गए।शुक्रवार को उनके पोते शुभम खडायत, संतोष खडायत और दामाद खड़क सिंह कुंवर गुना पहुंचे। लंबे समय से बिछड़े अपने बुजुर्ग को सामने देखकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इसके बाद वे ईश्वरीय खडायत को अपने साथ लेकर नेपाल के लिए रवाना हो गए। इस भावुक मिलन के दौरान बुजुर्ग और उनके परिजन बेहद खुश नजर आए। इस पूरे मामले की जानकारी प्रमोद भार्गव ने गुना कलेक्टर किशोर कन्याल को भी दी।

कलेक्टर ने बुजुर्ग का माला पहनाकर सम्मान किया और उनके सकुशल नेपाल रवाना होने की व्यवस्था में सहयोग किया।इस दौरान प्रमोद भार्गव लगातार नेपाल दूतावास के संपर्क में भी रहे। दूतावास की ओर से भी बुजुर्ग को नेपाल पहुंचाने में सहयोग का आश्वासन दिया गया था, लेकिन इसी बीच उनके परिजन गुना पहुंच गए और उन्हें अपने साथ ले गए। समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने बताया कि वे इससे पहले भी भारत में रास्ता भटककर पहुंचे नेपाल के कई लोगों को परिवारों से मिलवा चुके हैं।

बीच-बचाव करना युवक को पड़ा भारी, दबंगों ने सिर पर डंडा मारकर किया लहूलुहान; पुलिस ने किया मामला दर्ज

गुना। जिले के म्याना थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टकनेरा में आपसी विवाद सुलझाने गए एक युवक पर दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव कराने पर आरोपियों ने युवक को गालियां देते हुए सिर में डंडा मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम टकनेरा निवासी बल्लू पुत्र गज्जू खैरूआ ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत सुबह करीब 10 बजे वह अपने घर लौट रहा था। रास्ते में खैरूआ मोहल्ला के पास किशन खैरूआ का विवाद नथुआ ठाकुर और रामभान ठाकुर से हो रहा था। बल्लू ने जब बीच-बचाव करते हुए विवाद शांत कराने का प्रयास किया और किशन को साथ ले जाने लगा, तो रामभान और नथुआ भडक़ गए। आरोपियों ने उसे गालियां दीं, और विरोध करने पर रामभान ने उसके सिर में डंडा मार दिया।

तेज रफ्तार कार ने बाइक को मारी टक्कर

गुना। जिले के मधुसूदनगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ब्यावरा चौराहे के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बाइक सवार दंपति को जोरदार टक्कर मार दी। इस सडक़ हादसे में पति-पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया था। अस्पताल से लौटने के बाद पीड़ित ने थाने में मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दौलतराम मोगिया निवासी ग्राम किशनपुर अपनी पत्नी अनीता मोगिया को बाइक क्रमांक एमपी 40-9233 पर बैठाकर मधुसूदनगढ़ से ग्राम गारखेड़ा जा रहे थे। गत सुबह करीब 9 बजे जैसे ही वे पुराने बायपास ब्यावरा चौराहे पर पहुंचे, सामने से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 13-1799 के चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में दौलतराम के बाएं पैर में और उनकी पत्नी अनीता के सिर, बाएं पैर के घुटने व हाथ में गंभीर चोटें आईं।

बीज निगम मैदान में शाम 7 बजे से सजेगा श्रीरामकथा का मंच

श्रीरामलीला में 16 नवंबर तक होगा लीलाओं का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



शहरवासियों को श्रीरामकथा के प्रमुख प्रसंगों पर आधारित भव्य एवं आकर्षक लीलाओं का मंचन देखने का अवसर मिल रहा है। मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से आयोजित श्रीरामलीला उत्सव का गुरुवार को शुभारंभ हुआ। दशहरा मैदान के सामने स्थित बीज निगम मैदान में 16 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्रीरामलीला की विभिन्न लीलाओं का मंचन किया जाएगा।

उद्घाटन कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। उत्सव में प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजन का लाभ उठा सकें।

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा कि कुछ लोगों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि इन कलाकारों की प्रस्तुतियां इतनी आकर्षक होती हैं कि एक बार देखने के बाद पूरे पांच दिन की लीलाएं देखने का मन करता है। उन्होंने कहा कि गुना जिले के लिए यह सौभाग्य की बात है कि इतने प्रतिभाशाली कलाकार यहां आकर अपनी प्रस्तुतियां दे रहे हैं। श्रीरामलीला उत्सव हमारी सांस्कृतिक परंपराओं, धार्मिक आस्था और भारतीय संस्कृति से जुड़ने का विशेष अवसर है।

पांच दिनों तक श्रीरामकथा के प्रमुख प्रसंगों का मंचन

श्रीरामलीला उत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन श्रीरामकथा के अलग-अलग प्रसंगों का भावपूर्ण मंचन किया जाएगा। शंकर विवाह, श्रीराम जन्म, ताड़का वध एवं अहिल्या उद्धार। धनुष यज्ञ, श्रीराम विवाह, वनगमन एवं केवट प्रसंग। दशरथ देवलोक गमन, भरत मिलाप एवं सीता हरण। शबरी प्रसंग, श्रीराम-सुग्रीव मैत्री एवं लंका दहन। लंका युद्ध, रावण वध एवं श्रीराम राज्याभिषेक। इन भव्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और धर्म की विजय के विभिन्न प्रसंगों को सजीव रूप में देखने का अवसर मिलेगा।

परिवार सहित पहुंचने की अपील

श्रीरामलीला उत्सव 16 नवंबर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से दशहरा मैदान के सामने स्थित बीज निगम मैदान में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क है। जिला प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं बच्चों के साथ पहुंचकर इस धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लें। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया, एसडीएम गुना श्रीमती शिवानी पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर देवांशु शिवहरे सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

टेकरी धाम पर आज होगा भव्य अन्नकूट महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना



प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी श्री हनुमान टेकरी मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में 14 नवंबर 2026, शनिवार को टेकरी धाम पर भव्य अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर मंदिर ट्रस्ट की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें महोत्सव की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए गए। ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने अधिकृत प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में ट्रस्ट अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, उपाध्यक्ष चिरोंजीलाल प्रजापति, सचिव ओमप्रकाश बरोनिया, कोषाध्यक्ष गुलशन जुनेजा, सहसचिव श्रीभगवान मोदी, ट्रस्टी प्रदीप मित्तल, महावीर चौहान, राजेंद्र अग्रवाल, लक्ष्मण प्रजापति, अनिल बंसल, प्रकाश साहू, मदन सोनी, जगदीश अग्रवाल, पवन सोनी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर टेकरी सरकार का भव्य एवं आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे तथा संपूर्ण मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सजावट की जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी।

अन्नकूट महोत्सव में लगभग 25 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी तैयार की जाएगी। इसमें 7 हजार पैक थालियां भी शामिल रहेंगी। पैक थाली प्रसादी के वितरण के लिए अलग से काउंटर बनाया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए महाप्रसादी ग्रहण करने के लिए 75×225 फीट का विशाल टेंट लगाया जाएगा, ताकि किसी भी भक्त को असुविधा का सामना न करना पड़े।

समाचार संक्षेप

माहेश्वरी समाज ने 70 वर्षों की परंपरा निभाते हुए किया अन्नकूट महोत्सव का आयोजन



कुंभराज। दीपावली के पांच दिवसीय पर्व के समापन के बाद अन्नकूट महोत्सव मनाने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए कुंभराज माहेश्वरी समाज द्वारा पिछले 70 वर्षों से भाईदूज के अवसर पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में पूरा नगर शामिल होकर प्रेम और श्रद्धा के साथ प्रसादी ग्रहण करता है। इसी क्रम में 11 नवंबर को स्थानीय माहेश्वरी भवन में समाज द्वारा भव्य अन्नकूट एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण मंदिर एवं माहेश्वरी भवन को रंग-बिरंगी विद्युत रोशनी से सजाया गया। भगवान के विग्रह का फूल-मालाओं से आकर्षक श्रृंगार किया गया। संध्या आरती के बाद भगवान को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। इस आयोजन की विशेषता यह है कि अन्नकूट की प्रसादी ग्रहण करने के लिए पूरे कुंभराज नगर के लोग पहुंचते हैं। समाज के सचिव संदीप राठी ने बताया कि इस वर्ष भी करीब 5500 दोने प्रसादी का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि आयोजन में समाज के हर आयु वर्ग के सदस्य पूरे उत्साह और समर्पण के साथ सहभागिता करते हैं।


सरकारी जमीन पर तारबंदी कर बंद किया ग्रामीणों का रास्ता, 60 परिवार परेशान

गुना। जिले की ग्राम पंचायत गढ़ा के नयागांव में वर्षों से उपयोग किए जा रहे सार्वजनिक रास्ते को बंद किए जाने से करीब 60 परिवारों के सामने आवागमन का संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी जमीन पर कब्जे की नीयत से रास्ते पर तारबंदी कर दी गई और वहां फसल की बोवनी भी कर दी गई। इससे गांव के एक हिस्से का सीधा संपर्क मार्ग बंद हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक, इस रास्ते से लंबे समय से लोगों का आना-जाना होता था। रास्ता बंद होने के बाद अब ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए कई किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ रहा है। इसका असर रोजमर्रा के कामकाज के साथ बच्चों, बुजुर्गों और अन्य ग्रामीणों की आवाजाही पर भी पड़ रहा है।ग्रामीणों का कहना है कि समस्या के निराकरण के लिए वे कई बार जिला प्रशासन और तहसीलदार को लिखित आवेदन देकर रास्ता खुलवाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अधिकारियों के चक्कर लगाने के बाद भी राहत नहीं मिलने से नाराज ग्रामीण गत दिवस दोपहर जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने मीडिया के सामने अपनी परेशानी रखते हुए प्रशासन से रास्ता बहाल कराने की मांग उठाई। इसके बाद ग्रामीण क्षेत्रीय विधायक ऋषि अग्रवाल के कार्यालय पहुंचे और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। ग्रामीणों ने मांग की कि सरकारी जमीन पर की गई तारबंदी और बोवनी की जांच कराकर अतिक्रमण हटाया जाए तथा वर्षों पुराने आम रास्ते को तत्काल खुलवाया जाए।

राघौगढ़ में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत हुई धर्मसभा

जीवन में पुण्य संचय कर आत्मकल्याण की ओर बढ़ें: मुनि श्रमण सागर जी महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



दिगंबर जैन आचार्य विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, प्रवचन वाचस्पति एवं ओजस्वी वक्ता बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने शुक्रवार को श्री बासु पूज्य दिगंबर जैन मंदिर, साडा कॉलोनी राघौगढ़ के सभागार में श्रमण धारा प्रवचन माला के अंतर्गत धर्मसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने 'जीवन में पुण्य कैसे संचय करें' विषय पर मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि जीवन में सारा खेल पुण्य और पाप का है। मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है। इसे धर्म साधना के माध्यम से सार्थक बनाकर आत्मकल्याण और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए। इसके लिए जीवन के प्रत्येक कदम पर पुण्य संचय करने की आवश्यकता है।

मुनि श्री ने पुण्य संचय के चार प्रमुख उपायों का विस्तार से वर्णन किया। पहला उपाय बताते हुए उन्होंने कहा कि भगवान की निष्काम भाव से पूजन और भक्ति करनी चाहिए। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि जैन दर्शन के अनुसार सौधर्म इंद्र अपने पद पर रहते हुए भी जानते हैं कि इस पद से मोक्ष की प्राप्ति संभव नहीं है। मोक्ष प्राप्ति के लिए मनुष्य जन्म धारण करना आवश्यक है। इसके बावजूद वे अष्टान्हिका महापर्व के दौरान वर्ष में तीन बार परिवार सहित नंदीश्वर द्वीप जाकर भगवान की पूजा-अभिषेक करते हैं। यह निष्काम भक्ति और आराधना का श्रेष्ठ उदाहरण है।

सुपात्र दान, व्रत पालन और उपवास से होता है पुण्य संचय: पुण्य संचय का दूसरा उपाय बताते हुए मुनि श्री ने कहा कि सुपात्र को दान देने से अपार पुण्य प्राप्त होता है। दिगंबर मुनिराज को आहार में एक ग्रास देने का फल एक हजार भूखों को भोजन कराने के समान बताया गया है।

तीसरे उपाय के रूप में उन्होंने जीवन में व्रत और नियमों के पालन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एक बार जो नियम ले लिया जाए, उस पर अडिग रहकर उसका पालन करना चाहिए। इससे अपार पुण्य का संचय होता है। इस संदर्भ में उन्होंने भगवान महावीर के पूर्व भव का उदाहरण देते हुए बताया कि पूर्व जन्म में उनका जीव भील था। एक मुनिराज से उसने कौवे का मांस न खाने का नियम लिया था।

इस छोटे से नियम का भी इतना प्रभाव हुआ कि आगे चलकर वह भगवान महावीर के रूप में जन्म लेकर तीर्थंकर पद तक पहुंचा। इसी प्रकार यमपाल चांडाल का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि उसने चतुर्दशी के दिन फांसी न लगाने का नियम लिया था।

अनेक कठिनाइयां और चुनौतियां आने के बावजूद उसने अपने नियम का पालन किया, जिसका फल उसे मोक्ष पद के रूप में प्राप्त हुआ।

पुण्य संचय का चौथा उपाय बताते हुए मुनि श्री ने उपवास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जीवन में उपवास और तपस्या का विशेष महत्व है।

इसके साथ ही भूखे को भोजन कराना, बीमार व्यक्ति का उपचार करवाना तथा आर्थिक रूप से कमजोर और पढ़ाई में असमर्थ विद्यार्थियों की मदद करना भी पुण्य अर्जित करने के श्रेष्ठ माध्यम हैं। मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य जन्म अनेक जन्मों के पुण्य प्रताप से प्राप्त होता है।

जोरदार भिड़ंत: हादसे में दो युवक घायल

गुना। जिले के बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गुना-बजरंगगढ़ रोड पर एक तेज रफ्तार कार चालक की लापरवाही से बाइक सवार तीन युवक सडक़ हादसे का शिकार हो गए। इस टक्कर में दो युवकों को गंभीर चोटें आई हैं। इलाज के बाद पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम मिर्जापुर निवासी गोलू यादव अपने साथी बृगभान यादव और राजपाल यादव के साथ बाइक क्रमांक एमपी 67-0264 से मिर्जापुर से गुना आ रहे थे। सुबह करीब 9:45 बजे जैसे ही वे शनि मंदिर के पहले पहुंचे, सामने गुना की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार क्रमांक एमपी 07-5528 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों युवक सडक़ पर जा गिरे, जिससे गोलू और बृगभान घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल गुना में भर्ती कराया गया।

बिना सूचना बोर्ड लगाए बनाए गए ब्रेकर

राघौगढ़ में सर्विस रोड पर जगह-जगह बने ब्रेकर बन रहे हादसों का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़।



नेशनल हाईवे-46 पर राघौगढ़ क्षेत्र की सर्विस रोड पर जगह-जगह बनाए गए ब्रेकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। वाहन चालकों का कहना है कि सड़क पर बिना किसी सूचना या संकेतक बोर्ड के ब्रेकर बना दिए गए हैं, जिससे दूर से वाहन चालकों को इनका पता नहीं चल पाता। अचानक ब्रेकर सामने आने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ माह पूर्व इसी तरह के एक ब्रेकर से दोपहिया वाहन पर सवार महिला उछलकर सड़क पर गिर गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला की बाद में मौत हो गई थी। इसके बावजूद सर्विस रोड पर बने ब्रेकरों के संबंध में पर्याप्त चेतावनी संकेतक नहीं लगाए गए हैं।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि सर्विस रोड से प्रतिदिन बड़ी संख्या में दोपहिया और चारपहिया वाहन गुजरते हैं। ऐसे में बिना संकेतक वाले ब्रेकर वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। विशेषकर रात के समय इन ब्रेकरों का पता लगाना और भी मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय नागरिकों ने नेशनल हाईवे प्रबंधन से मांग की है कि सर्विस रोड का निरीक्षण कर सभी ब्रेकरों पर नियमानुसार संकेतक बोर्ड, रिफ्लेक्टिव पेंट एवं अन्य जरूरी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं, ताकि दूर से ही वाहन चालकों को ब्रेकर दिखाई दे सकें।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि समय रहते आवश्यक सुरक्षा इंतजाम किए जाने से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है और लोगों की जान बचाई जा सकती है।

बाल विवाह किया तो होगी दंडात्मक कानूनी कार्रवाई

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बाल विवाह मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैन्ट गुना में जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका डॉ. मधु मीना द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग दिनेश चंदेल द्वारा प्रतिभागी बालिकाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। श्री चंदेल ने बताया कि भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए बाल विवाह मुक्त भारत अभियान और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के तहत लडक़ों के लिए विवाह की कानूनी उम्र 21 वर्ष और लड़कियों के लिए 18 वर्ष तय की गई है।

कृपाल सिंह परिहार के टीआई बनने पर क्षेत्रवासियों ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ बजरंगगढ़।

बजरंगगढ़ थाना प्रभारी कृपाल सिंह परिहार के पदोन्नत होकर टीआई (निरीक्षक) बनने पर क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर क्षेत्र के लोगों ने थाने पहुंचकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। साथ ही उनके उज्ज्वल और सफल भविष्य की कामना की। क्षेत्रवासियों ने कहा कि कृपाल सिंह परिहार ने बजरंगगढ़ में अपने कार्यकाल के दौरान कई सराहनीय कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में क्षेत्र में कानून व्यवस्था बेहतर बनी रही और आपराधिक घटनाओं में भी काफी कमी देखने को मिली। उनके व्यवहार, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा ने क्षेत्र के लोगों के बीच एक अलग पहचान बनाई है। परिहार जी की दिनचर्या भी लोगों के बीच चर्चा का विषय रहती है। वे प्रतिदिन सुबह बजरंगगढ़ स्थित माता बीस भुजी के दरबार में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करते हैं और आशीर्वाद लेकर अपने दिन की शुरुआत करते हैं। उनकी पदोन्नति पर क्षेत्रवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत, ईमानदारी और कर्तव्य के प्रति समर्पण का परिणाम है।

हिंदी के कालजयी लेखक गजानन माधव मुक्तिबोध की स्मृतियां जिले से जुड़ी हैं

अशोकनगर। मध्यप्रदेश के श्योपुर जिले में जन्मे मुक्तिबोध की स्मृतियां अशोकनगर जिले से जुड़ी हैं। आत्म संघर्ष,सामाजिक विषमता के विरोध और मध्य वर्गीय चेतना के वह कवि थे।



स्थानीय कवि और नाटयकर हरिओम राजौरिया ने बताया कि 13 नवम्बर 1917 को मध्यप्रदेश के श्योपुर कस्बे में उनका जन्म हुआ था। उनके पिता माधवराव ग्वालियर स्टेट में कोतवाल थे और उनके तबादले होते रहते थे। मुक्तिबोध की मां पार्वती अशोकनगर जिले की ईसागढ़ कस्बे के किसान परिवार से थीं। मुक्तिबोध ने उज्जैन से मिडिल की परीक्षा दी थी और वे फेल हो गए थे। इस असफलता का उनके जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ा।

उनका बचपन तो अच्छा गुजरा पर आगामी जीवन में उन्हें कठोर संघर्ष करना पड़ा। उनके जीवित रहते उनकी एकमात्र प्रकाशित पुस्तक पर मध्यप्रदेश सरकार ने प्रतिबन्ध लगा दिया था। उनका लिखा ज्यादातर मरने के बाद ही सामने आ सका। अज्ञेय जी के तार सप्तक के वे पहले कवि थे। कविता की रचना प्रक्रिया को लेकर धारावाहिक रूप से परसाई जी द्वारा संपादित वसुधा में लिखे लेखों का संग्रह एक साहित्यिक की डायरी कविता आलोचना की सबसे महत्वपूर्ण पुस्तकों में से एक है।कविता, कहानी, आलोचना पर लिखा उनका सबकुछ मुक्तिबोध रचनावली के छः खण्डों में संकलित है। लम्बी बीमारी के बाद मात्र 47 वर्ष की आयु में उनका निधन हुआ। हिंदी के गौरव को बढ़ाने और कविता का एक नया रास्ता तैयार करने वाले महान लेखक मुक्तिबोध की स्मृति हमेशा उनके काम की याद दिलाती रहेगी।

राव माधव स्कूल की एन एस एस इकाई ने आयोजित किया स्पोर्ट्स मीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



नगर के निजी विद्यालय राव माधव हायर सेकेंडरी स्कूल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी राघवेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर आधारित शासन के निर्देशानुसार क्लस्टर ऑफ़ ब्लॉक लेवल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई।

जिनमें खेल प्रतियोगिताएं, नशामुक्त संकल्प एवं शपत, जागरूकता स्टाल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में अतिथि कि रूप में पूर्व पोट्रस अधिकारी प्रहलाद श्रीवास्तव उपस्थित रहे जिन्होंने माँ सरस्वती की आराधना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया एवं विद्यालय के शिक्षक राहुल रघुवंशी ने एन एस एस इकाई के उपस्थित सभी स्वयं सेवक, विद्यालय स्टाफ , खेल प्रतिभागियों को नशामुक्त संकल्प एवं शपत दिलाई जिस के उपरांत कबड्डी एवं सौ मीटर रेस का आयोजन किया गया एवं विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेविकों द्वारा नशा मुक्ति जगरुकता स्टाल सजा कर नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को दर्शाया एवं नशा विरोधी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी जिस के उपरांत विद्यालय उपप्रचार्या मुस्कान हुसैन एवं प्रहलाद श्रीवास्तव ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया कार्यक्रम के अंत में हरिओम ओझा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय शिक्षक दीपक कुशवाह पिंकी कोली चंदा नरवरिया ने विशेष योगदान दिया।

अस्प्रीत सिंह का राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में चयन जीता गोल्ड मेडल

अशोकनगर। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित 70वी संभाग स्तरीय कुराश प्रतियोगिता का आयोजन कल दतिया में आयोजन किया गया। जिसमें 73 किलोग्राम वजन में नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय टी ए व्ही हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र अस्प्रीत सिंह का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। अपने उत्कृष्ट खेल के प्रदर्शन पर गोल्ड मेडल जीतकर अस्प्रीत ने अपने नगर एवं अपने जिले का मान बढ़ाया है स अब अस्प्रीत राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंदौर जाएंगे, जहाँ वे अपने खेल कौशल एवं प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।वही अस्प्रीत ने अपनी उपलब्धि का श्रेय विशेष रूप से अपने विद्यालय अपने कोच खेल प्रशिक्षक जावेद खान को दिया है। जिनके मार्गदर्शन में यह बच्चे नए आयाम तक पहुंचाते हैं स उल्लेखनीय है कि टीएव्ही स्कूल के छात्र-छात्राएं क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, शतरंज, वूशु, कुराश, आदी खेलों में राष्ट्रीय राज्य संभाग स्तरीय स्कूल में अपना दबदबा बनाए हुए हैं। अस्प्रीत की इस उपलब्धि से सारे नगर में हर्ष का माहौल व्याप्त है।

जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत विराटपुरम कॉलोनी निवासी कृष्णा यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजभान यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम तगारी निवासी पूरन लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बीरन लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत अशोकनगर निवासी शिवम गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अजय यादव एवं तीन अज्ञात लोगों ने उसका रास्ता रोककर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी उमेश परिहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित, वीरू, घेवर और रवि अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भगवान पुर निवासी शिशुपाल जाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी केशव, राजू और रघुराज जाट फरियादी व उसके लड़के के साथ उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कालाबाग निवासी सोनू जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी खिल्लूराम, हरीशचन्द्र जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बामौरीशाला निवासी जानवी पुत्री गोपाल सोनी उम्र 17 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भोला यादव निवासी कानीखेड़ी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

योजना के तहत 45 तीर्थयात्रियों को मिला रामेश्वरम यात्रा का अवसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सेतुबंध रामेश्वरम की तीर्थयात्रा पर जाने वाले यात्रियों को नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान द्वारा शुभकामनाएं दी गईं। योजना के तहत अशोकनगर जिले के कुल 196 तीर्थयात्रियों के टिकट जारी हुए हैं, जिनमें अशोकनगर नगर के 45 तीर्थयात्रियों को यात्रा का अवसर प्राप्त हुआ है। सभी चयनित तीर्थयात्रियों में यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने उपस्थित तीर्थयात्रियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अत्यंत सराहनीय एवं जनकल्याणकारी योजना है। इस योजना के माध्यम से ऐसे बुजुर्ग एवं वरिष्ठ नागरिक, जो आर्थिक या अन्य कारणों से स्वयं तीर्थस्थलों के दर्शन करने नहीं जा पाते, उन्हें शासन की ओर से तीर्थयात्रा का लाभ प्राप्त हो रहा है। यह योजना बुजुर्गों की धार्मिक आस्था और उनकी तीर्थ दर्शन की इच्छा को पूरा करने का सराहनीय प्रयास है। इस अवसर पर सभी चयनित तीर्थयात्रियों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए योजना की सराहना की। उल्लेखनीय है कि सेतुबंध रामेश्वरम की यह तीर्थयात्रा 15 नवंबर को रवाना होगी तथा 20 नवंबर 2026 को वापस लौटेगी।

सहायक संचालक ने पीएम श्री विद्यालय का निरीक्षण किया

अशोकनगर। मुख्यमंत्री जन विश्वास कार्यक्रम अंतर्गत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के सहायक संचालक एच. एन.नेमा ने पीएम श्री विद्यालय क्रमांक 04 का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सायकिल वितरण,पुस्तक वितरण,मध्यान्ह भोजन, शौचालय, एवं शैक्षणिक गुणवत्ता को परखा। उन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित मेंहदी,रंगोली और चित्रकला प्रतियोगिताओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों से कहा कि हमे पुराने ढर्रे पर नहीं चलना है,कुछ नया करके दिखाना है। समाज के वंचित विद्यार्थियों को शाला तक लाना है और उन्हें मुख्य धारा में जोड़ना है। शिक्षक के कार्य को समय सीमा में नहीं बाँधे, आवश्यकता पड़ने पर 24 घंटे विद्यालय हित के कार्यों में सहभागी बने। विद्यार्थियों को विद्यालय लाना,उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना हमारा कर्तव्य है। उन्होंने शाला की अकादमिक व्यवस्थाओं को देखा, शिक्षकों से बात कर उन्हें नवाचार करने और नई नई शिक्षण विधियों से अध्यापन कराने को कहा। इस दौरान उनके साथ पूर्व एडीपीसी अनिल खंतवाल, शाला प्रधानाध्यापक गायत्री पंत,शिवकुमार शर्मा, सहित शाला का स्टाफ उपस्थित रहा।

बीना रुठियाई मेमू ट्रेन के विलंब से रूठियाई पहुंचने के कारण कोटा इंदौर निकलने से सैकड़ों यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

बीना से रुठियाई तक चलने वाली मेमू ट्रेन संख्या 61611 के लेटलतीफी से चलने के कारण आज सुबह एक बार फिर सैकड़ों यात्रियों को परेशानियों का सामना करना है। मेमू ट्रेन के घंटों विलंब से सुबह रुठियाई रेलवे स्टेशन पर पहुंचने के कारण इंदौर जाने वाली ट्रेन संख्या 22983 कोटा-इंदौर एक्सप्रेस सैकड़ों यात्रियों के हाथ से निकल गई। इसके चलते पहले से आरक्षण कराकर यात्रा की तैयारी कर रहे सैकड़ों यात्रियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। हालात यह बने कि उक्त मेमू ट्रेन आज दोपहर में डेढ़ बजे तक अशोकनगर ही पहुंच पाई थी। इस पूरे मामले में यात्रियों द्वारा बनाए गए वीडियो सामने आने के बाद सुनील आचार्य ने रेल प्रशासन का ध्यान इस गंभीर समस्या की ओर आकर्षित किया है और रेल प्रबंधक को मामले से अवगत कराते हुए प्रभावित यात्रियों के आरक्षित टिकट की राशि वापस करने की मांग उठाई है। उक्त मामले की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि जब रेलवे बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों से जुर्माना वसूलने के नियम बनाकर रखता है, तो रेल प्रशासन की ट्रेन घंटों लेट होने से यदि यात्रियों की कनेक्टिंग ट्रेन छूट जाती है, तो उनके नुकसान की जिम्मेदारी भी रेलवे को लेनी चाहिए। आखिर जिन यात्रियों ने पहले से आरक्षित टिकट लेकर यात्रा की तैयारी की थी, उन्हें रेलवे की लेटलतीफी का खामियाजा क्यों भुगतना पड़े?

उन्होंने बताया कि बीना से रुठियाई तक मेमू ट्रेन का संचालन बढ़ाने का मुख्य उद्देश्य मुंगावली, पिपरई, रहटवास, अशोकनगर, शाढ़ौरा एवं पगारा क्षेत्र के हजारों यात्रियों को रुठियाई से इंदौर जाने वाली ट्रेन की कनेक्टिंग सुविधा उपलब्ध कराना है। लेकिन यदि मेमू ट्रेन ही घंटों लेट चलेगी तो इस सुविधा का क्या औचित्य रह जाएगा? उन्होंने कहा कि रुठियाई से इंदौर जाने के लिए दिनभर में दूसरी सीधी ट्रेन की सुविधा नहीं होने से इस ट्रेन पर मरीजों, मजदूरों, छात्र-छात्राओं, नौकरीपेशा लोगों एवं अन्य जरूरी कार्यों से यात्रा करने वाले यात्रियों की निर्भरता रहती है। ट्रेन लेट होने पर यात्रियों को एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म तक भागते हुए कनेक्टिंग ट्रेन पकड़ने की कोशिश करनी पड़ती है, जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है। उन्होंने रेल प्रशासन से मांग की है कि मेमू ट्रेन संख्या 61611 का समय निर्धारित करते समय इंदौर जाने वाली ट्रेन संख्या 22983 के प्रस्थान समय का विशेष ध्यान रखा जाए। मेमू ट्रेन को समय पर चलाया जाए तथा प्रभावित यात्रियों के आरक्षित टिकट की राशि वापस करने के संबंध में तत्काल उचित निर्णय लिया जाए। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा बीना से रुठियाई तक ट्रेन का विस्तार करना सराहनीय कदम है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग - अशोकनगर (म0प्र0)

प्रकरण क्रमांक/0128/अपील/2025-26/709
अशोकनगर, दिनांक 13/11/2026

1. हर्षित जैन पुत्र प्रमोद जैन निवासी शाढौरा 2. धर्मेन्द्र पुत्र प्रमोद जैन निवासी शाढौरा 3. शशांक पुत्र सुखमाल जैन निवासी शाढौरा 4. लकी पुत्र प्रमोद जैन निवासी शाढौरा तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र.

..... अपीलार्थी

बनाम

1. सुनील कुमार जैन पुत्र रतनचंद जैन निवासी शाढौरा 2. संतोष कुमार जैन पुत्र रतनचंद जैन निवासी शाढौरा 3. विनोद कुमार फोत वारिसान - 1. श्रीमति कांता पत्नि विनोद जैन 2. ज्ञानचंद पुत्र विनोद जैन 3. शिखरचंद फोत वारिस पत्नि, सकुन्तला जैन 4. प्रमोद पुत्र स्व. रतनचंद जैन 5. सुनील पुत्र रतनचंद जैन 6 सुकमाल पुत्र रतनचंद जैन 7. किरण जैन पुत्री रतनचंद जैन 8. रेखा जैन पुत्री रतनचंद जैन निवासीजन मुहाल मिलक वार्ड न.12 शाढौरा जिला अशोकनगर म.प्र.

.....रेस्पोडेन्टजन

पक्षकारों की उपस्थिति हेतु विज्ञप्ति सूचना

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी हर्षित जैन पुत्र प्रमोद जैन बगैराह निवासी ग्राम शाढौरा तहसील शाढौरा जिला अशोकनगर द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील शाढौरा का प्रकरण क्रमांक 0187/अ-6/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 23.09.2025 के विरूद्ध इस न्यायालय में अपील पेश की है। उक्त प्रकरण से ग्राम शाढौरा स्थित भूमि सर्वे नंबर 524/2/1 रकबा 0.146 हे०, सर्वे नंबर 1355/2 रकबा 0.017 हे० वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण से संबंधित है। उक्त अपील में जिस किसी व्यक्ति का हित अथवा आवश्यक पक्षकार हो यह न्यायालय में पेशी दिनांक 04/12/2026 तक अपनी आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा उचित माध्यम से प्रकरण में प्रस्तुत कर सकता है। बाद म्याद गुजरने उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से जारी है।

(इसरार खान)
न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी,
अनुभाग अशोकनगर (म0प्र0)

खबर संक्षेप

अशोकनगर से इन्दौर जा रहे दो युवक घायल

अशोकनगर। बाईक से अशोकनगर से इन्दौर जा रहे सौरभ पुत्र परमाल सिंह उम्र 25 साल और विशाल पुत्र खलक उम्र 22 साल घायल हो गए। यह घटना शाजापुर जिले में किश्मत होटल के पास हुई, उनकी बाईक को किसी कार ने टक्कर मार दी थी। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद घायलों को शाजापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, दोनो का उपचार जारी है।

कोलुआ रोड पर खड़े ट्रक के केबिन में आग लगी

अशोकनगर। आरिफ मिस्त्री के गैरेज में कोलुआ रोड़ पर खड़े एक ट्रक के केबिन में आग लग गई जैसे ही आग की लपटे देखीं गईं। सूचना मिलते ही देहात थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के घरो की मोटरों से पानी डालकर आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगरपालिका की दमकल भी मौके पर पहुंच गई। लेकिन बड़ी घटना होने से टल गई।

वार्षिक साधारण सभा की बैठक 15 नवंबर को

अशोकनगर। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला अशोकनगर की वार्षिक साधारण सभा की बैठक का आयोजन 15 नंबवर को प्रातः 11 बजे से जैन भवन में किया जा रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव रामेन्द्र सिंह का गरिमामय सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त होगा। इस महत्वपूर्ण बैठक में सोसायटी के कार्यों, आगामी योजनाओं एवं सेवा कार्यों पर चर्चा की जाएगी। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के समस्त आजीवन सदस्यों से विनम्र आग्रह है कि वह निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित होकर अपने अमूल्य सुझावों एवं सहभागिता से वार्षिक साधारण सभा की बैठक को सफल एवं सार्थक बनाने में अपना योगदान प्रदान करें।

जुए के अडडे पर छापामार कार्रवाई

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने की पुलिस ने ईसागढ़ निवासी गुरूदयाल राय, छोटू रजक, को पुरानी तहसील के सामने ताश के पत्तों से जुआं खेलते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने ताश की गडडी सहित 3000 रूपए बरामद किए हैं।

महाविद्यालय में नशामुक्ति (एन्टीड्रग) समिति गठित

अशोकनगर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर में नशामुक्ति (एन्टीड्रग) समिति गठित की गई है। इस समिति में डॉ. जे.पी. अहिरवार संयोजक होगें तथा चन्द्रशेखर जाटव,डॉ. राजकुमार जाट, प्राची जैन, संगीता अहिरवार, अनिका कौशल सदस्य होगें। यह समिति महाविद्यालय में विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु प्रेरित करेंगी एवं नशे से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य की हानि से परिचित करायेगी एवं विद्यार्थियों को नशामुक्ति हेतु समय समय पर कार्यशाला आयोजित कर जागरूकता अभियान चलायेगी। साथ ही नशे से ग्रषित विद्यार्थियों को चिन्हित कर एवं उनकी काउंसलिंग कर आवश्यक सुझाव के साथ सूचित करेगी ।

वन जीबी वन बैंक सखी प्रशिक्षण आयोजित



अशोकनगर। एस.बी.आई. आरसेटी अशोकनगर में संचालित 6 दिवसीय वन जीबी वन बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अशोकनगर जिले के विभिन्न ग्रामों से आई महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण उपरांत प्रतिभागियों ने भारतीय बैंकिंग एवं वित्त संस्थान की परीक्षा संपन्न हुई। कार्यक्रम में एस.बी.आई. आरसेटी के निदेशक राजाराम वर्मा, मुख्य निरीक्षक योगेंद्र सिंह ठाकुर एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को बैंक सखी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी) के रूप में सक्षम बनाकर डिजिटल एवं वित्तीय सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

लोकतंत्र बचाओ, वोट चोरी और नोट चोरी की लड़ाई हमारा उददेश्य: दिग्विजय सिंह

उज्जैन से अयोध्या जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अशोकनगर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह इन दिनों सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाल रहे हैं। यह यात्रा उज्जैन से अयोध्या जा रही है। अशोकनगर पहुंचने पर सोवत गांव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा कि हमारी लड़ाई लोकतंत्र बचाने, वोट चोरी और नोट चोरी के खिलाफ है। राहुल गांधी देश की राजधानी दिल्ली में लड़ाई लड़ रहे हैं, हमें उनका समर्थन करना है।

उन्होंने कहा कि 1972 में सोवत के संपर्क में रहा जब यह राधौगढ़ विधानसभा का हिस्सा था, 80 साल की उम्र हो जाने पर लोग मुझसे पूछते हैं कि उज्जैन से अयोध्या की यात्रा क्यों कर रहे हैं। मैं 1972 में कांग्रेस में शामिल हुआ उसके पहले राजमाता विजया राजे सिंधिया मुझे जनसंघ में शामिल कराना चाहती थीं और गोविंद नारायण सिंह कांग्रेस से जोड़ना चाहते थे। स्वंय सेवक संघ के वीर सावरकर गोलवरकर, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी आदी की विचारधारा को मैंने जाना।



जनसंघ की विचारधारा मुझे रास नहीं आई



लेकिन जन संघ की विचार धारा मुझे नहं जची, मैं कॉलेज में पढ़ता था और होस्टल में रहता था, वहां सभी बच्चे एक साथ खेलते थे और रहते थे, हिन्दू मुसलमान में कोई भेद नहीं था। जहां सभी धर्मों का सम्मान होता है वहीं कांग्रेस पार्टी है। हम धर्म का नारा लगाते हैं, धर्म की जय हो अर्धम का नाश हो, जो धर्म विश्व का कल्याण करे वहीं धर्म है।

भाजपा के राज में ठेकेदार और दलाल मालामाल

भाजपा के राज में ठेकेदार और दलाल मालामाल हुए हैं, हम सबके परिवार के मुखिया मेरे पिता पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह वोट चोरी और चंदा चोरी का मुददा उठा रहे हैं। जीतू पटवारी भाजपा की पोल खोल रहे हैं, रीवा के भाजपा सांसद का कहना है कि किसान तीन महीने मेहनत करते हैं और नौ महीने मौज करते हैं, यह भाजपा की किसानों के प्रति मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा के करीबी लोगों में सुभाषचन्द्र जिनके ऊपर बिजली विभाग का 22 हजार करोड़ रूपए बकाया था जिसका 6 हजार करोड़ रूपए में समझौता हो गया। देवास में शराब के सौदागरों को रोकने के लिए टीआई को मौत के घाट उतार दिया गया। ऐसी खाकी बर्दी जिसका सम्मान पूरे देश में होता है, भाजपा के राज में इंस्पेक्टर की हत्या कर दी गई। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव जिनके पास गृह विभाग है ऐसी क्या मजबूरी है कि उन्हें यह विभाग अपने पास रखना पड़ा है। यह यात्रा जिन मार्गों से जिन अंचलों से होकर गुजर रही है वहां लोगों की भीड़ देखी जा सकती है।

प्रदेश के इतिहास में ऐसी सरकार कभी देखने नहीं मिली जयवर्धन सिंह

इसी मौके पर पूर्व मंत्री और राघोगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रदेश के इतिहास में ऐसी सरकार कभी देखने नहीं मिली। जमीनों पर कब्जा हो रहा है सरकार खरीद में किसान परेशान हो रहे हैं, दो से तीन साल के अंदर ऐसी घटनाएं हुईं हैं जिनका जिक्र करने पर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। छिन्दवाड़ा में खासी की सायरप पीने से 20 बच्चों की मौत हो गई, सागर जिले में जहरील शराब से अनेक लोगों को दम तोड़ना पड़ा। भाजपा में सत्ता का अहंकार आ गया है, जनता पीड़ति है, परेशान है, अशोकनगर और गुना जिले में राजघाट बांध से पानी लाने के लिए करोड़ो रूपए खर्च हो चुके हैं, लेकिन जल निगम की इस योजना का आज तक धरातल पर लाभ नहीं मिला है, लोग परेशान हो रहे हैं।

बीजेपी नफरत फैलाने का काम करती है

हमारी बीजेपी से लड़ाई इसी बात को लेकर है कि वह नफरत फैलाने का काम करते हैं, वह झूठ बोलने में माहिर हैं। जो सनातन धर्म की बुनियाद को भी खत्म कर रहे हैं। वर्ण व्यवस्था का उल्लेख गीता में भी मिलता है, एस,एसटी वर्ग जो शुरू से शोषण का शिकार रहा है इसको आगे बढाने की हम सब की जिम्मेदारी है। जब आजादी का आंदोलन हुआ तब डॉ. भीमराव अंबेडकर, पंडित जवाहरलाल नेहरू के साथ सभी वर्ग के लोगों ने लड़ाई लड़ी। उसमें हिन्दु, मुसलमान, ईसाई, सिक्ख जैन सभी शामिल थे। डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान का गठन हुआ और 1950 में संविधान लागू हुआ। लोकतंत्र में गरीब और अमीर को बराबर से एक एक वोट देने का अधिकार है लेकिन भाजपा 5 किलो गेहूं देकर वोटर का खरीदना चाहती है। भारत एक धार्मिक देश है।

मुझ पर आरोप लगाए जाते हैं

उन्होंने कहा कि मुझ पर बहुत आरोप लगाए जाते हैं, कि सरकारी जमीने दान कर दीं, चरनोई की जमीन दे दी। बीजेपी के सत्ता में आने के बाद अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय किया गया, अनुसूचित जाति वर्ग के पटटे निरस्त कर दिए गए। कांग्रेस आने वाले समय में इसकी भी लड़ाई लड़ेगी। अशोकनगर जिले में सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा अपने पड़ाव पर आगे बढ़ रही है और पिपरिया पहुंच गई है। इस यात्रा में अशोकनगर विधायक हरिबाबू राय, चंदेरी के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चैहान, राधौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह सहित जिले भर के कांग्रेस जन शामिल थे।

डॉक्टर की सूचना पर रात 12 बजे किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक में इस समय ब्लड की बहुत कमी चल रही है जिसके कारण मरीजों को काफी परेशान होना पड़ रहा है,ऐसी स्थिति में ब्लड हेल्प ग्रुप निरंतर मरीजों को समय पर हर प्रकार के ब्लड उपलब्ध करा रहा है।

हाल ही में ग्रुप के दर्जनों रक्तदाताओं ने अलग अलग मरीजों के लिए रक्तदान किए हैं ग्रुप की सक्रियता को देखते हुए डॉक्टर एवं स्टॉफ भी मरीजों के लिए ग्रुप से मदद मांगते हैं ऐसा ही मामला सामने आया जब जिला चिकित्सालय में पदस्थ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ मनीषा यादव ने मानवता दिखाते हुए अस्पताल में भर्ती मन्हैंटी निवासी हाईसिस्क प्रसूता जानकी आदिवासी के लिए ग्रुप से ब्लड की मदद मांगी महिला का हीमोग्लोबिन मात्र 5.2 था, जिसके लिए रात करीब 12 बजे ग्रुप के सदस्य जावेद खान एवं जीतेश सोनी ने अस्पताल पहुंचकर बी पॉजिटिव रक्तदान किए,डॉक्टर की सक्रियता एवं ग्रुप के कार्य की लोगों ने सराहना की।


पुलिस ने आरोपी के पास से 7 ग्राम स्मैक व 223 एबिल इंजेक्शन किए जब्त

अशोकनगर। थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए 07 ग्राम स्मैक (हीरोइन) एवं 223 एबिल इंजेक्शन सहित कुल 55,000 का मशरूका जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि थाना कोतवाली को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कालू उर्फ सलीम खान पिता आबिद खान निवासी रामपुर मोहल्ला, अशोकनगर, गुना रोड स्थित लक्ष्मी ढाबा के पीछे एक बैग में मादक पदार्थ स्मैक छिपाकर विक्रय करने के उद्देश्य से बैठा हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई तथा कालू उर्फ सलीम खान की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 07 ग्राम स्मैक (हीरोइन) एवं 223 एबिल इंजेक्शन बरामद हुए, जिनकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 55,000 रुपये थी। पुलिस द्वारा उक्त मशरूका विधिवत जप्त कर आरोपी कालू उर्फ सलीम खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 720/26, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 18(सी) औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।



भूख लगना आरोग्य का प्रतीक है और कम खाना वैराग्य का प्रतीक है: मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए बताया कि आयुर्वेद में कहा गया है आँख में त्रिफला, दाँत में नोन, पेट को भरिए तीनो कोन, भूखा रखिए चैथा कोन। यह स्वस्थ रहने का प्रमाण है। आज हम देखते हैं किसी के सिर में दर्द है, तो किसी के हाथ में दर्द है अथवा किसी का वात कुपित है, किसी का पित्त कुपित है या किसी का कफ कुपित है।

उन्होंने कहा कि ऋतुमान के अनुसार वात, पित्त व कफ में परिवर्तन देखा जाता है। जैसे- वर्षाकाल में पित्त पैरों में आ जाता है। क्योंकि वर्षा होती रहती है, उस समय पैर गरम रहते हैं जिससे पानी प्रविष्ट नहीं हो पायेगा। सर्दी के समय पित्त छाती में आ जाता है इसलिए पैरों में बिमाई आदि फटने लगती है क्योंकि सर्दी से छाती की रक्षा तो करना है। प्रकृति अपने आप ही आपकी रक्षा करने में लगी है, इसलिए जो प्रकृति आपके लिये सहायक है तो हीटर आदि की कोई आवश्यकता नहीं। पित्त अपने आप ही कफ को समाप्त कर देता है। गर्मी के दिनों में पित्त सिर में आ जाता है। गर्मी, गर्मी को मारती है ऐसी कहावत है। इस प्रकार छह ऋतुयें होती हैं। गर्मी चार महीने की नहीं दो माह की होती है, दो माह की एक ऋतु होती है बाकी समय तो मौसम समशीतोष्ण होता है। इस प्रकार प्रकृति ने आपकी रक्षा करने का बीड़ा उठाया है और जब तक आत्मा को मुक्ति नहीं होगी तब तक वह उसकी रक्षा करती रहेगी।

अब आपने प्रकृति के विपरीत यदि अन्नपानादि ले लिया तो वह कुपित हो जाती है, उल्टा-सीधा खा लिया, गरम-गरम पदार्थों को ज्यादा खा लिया तो उसका प्रभाव तो पड़ेगा। आयुर्वेदिक शास्त्र का ये उल्लेख है कि जठराग्नि कभी मंद हो जाती है, कभी तेज हो जाती है इसका कारण क्या है? यह प्रकृति पर निर्भर है, जैसे सर्दी के दिनों में सबसे ज्यादा भूख लगती है, कोई व्यक्ति यदि बिमार भी है तो उसको भी भूख लगती है। इस प्रकार प्रकृति के पहले से ही नियम बने हुए हैं। इसलिये वैरागी भूख से कम ही खाता है। यही वैराग्य का लक्षण है। कहावत भी है-एक बार खाये योगी, दो बार खाये भोगी और बार-बार खाये रोगी। इसी को आयुर्वेदिक शास्त्रों में कहा है भूख बनी रहनी चाहिये।

सहस्त्रबाहु जयंती का भव्य आयोजन 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

हैहय क्षत्रिय कल्चुरी समाज के तत्वाधान में भगवान श्री सहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती के पावन अवसर पर अशोकनगर में राज राजेश्वर भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती समारोह पूर्वक मनाई जाएगी। इस अवसर पर 15 नवंबर रविवार को मंगल पैलेस, रेलवे स्टेशन के पास एक भव्य सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन को लेकर हैहय क्षत्रिय कल्चुरी समाज अध्यक्ष देवेन्द्र शिवहरे ने बताया कि आयोजन प्रतिवर्ष की तरह हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय लोगों की सहभागिता रहेगी। आयोजकों के अनुसार, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी धार्मिक आस्था, सामाजिक एकजुटता और संगठन की मजबूती का संदेश देने के उद्देश्य से समारोह आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से समाज के लोगों को एक मंच पर लाकर आपसी भाईचारे, सहयोग और सामाजिक एकता को प्रोत्साहित किया जाएगा।



सुबह 9.30 बजे से शुरू होंगी धार्मिक गतिविधियां

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9.30 बजे मंगल पैलेस से भव्य शोभायात्रा एवं कलश यात्रा से होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से दीप प्रज्ज्वलन एवं आरती का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 1 बजे से 1.30 बजे तक अतिथियों का उद्बोधन होगा। इसके पश्चात दोपहर 1.30 बजे से 2 बजे तक अतिथियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर दोपहर 2 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा। चल समारोह प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्टेशन रोड़, गांधी पार्क, इंदिरा पार्क होते हुए आयोजन स्थल पहुंचेगा।

समाज की एकजुटता और संगठन की मजबूती का संदेश

आयोजकों ने समस्त समाजबंधुओं से समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने तथा सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने में सहयोग करने की अपील की है। यह आयोजन केवल जयंती उत्सव तक सीमित न रहकर समाज की सांस्कृतिक विरासत, धार्मिक परंपराओं और आपसी एकजुटता को आगे बढ़ाने का अवसर भी बनेगा। भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के आदर्शों एवं स्मृतियों को नमन करते हुए आयोजित होने वाले इस समारोह को भव्य और यादगार बनाने के लिए समाजजन तैयारियों में जुटे हैं।

ग्राम पंचायत डोंगर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का हुआ आयोजन

शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को मिल रही है जानकारी: यादव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत जनपद पंचायत चंदेरी की ग्राम पंचायत डोंगर में मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का आयोजन शुक्रवार को किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ.के.पी.यादव तथा अध्यक्षता के रूप में जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव शामिल हुए।

शिविर में खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ.के.पी.यादव ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जा रहे जन विश्वास शिविरों में आमजन की स्थानीय स्तर पर समस्याओं एवं शिकायतों का अधिकारियों द्वारा निराकरण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी एवं सेवाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा आमजन की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ समय-सीमा में निराकरण किया जाए।

शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना मुख्य उददेश्य जिला पंचायत अध्यक्ष

शिविर में जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच विश्वास को मजबूत करना तथा नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ सहजता से उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान कराई जा रही है। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितलाभ का वितरण मौके पर कराया जा रहा मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं।



प्रत्येक शुक्रवार को किया जाता है शिविर का आयोजन कलेक्टर

शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को जिले के विकासखंड स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में सीएम हेल्पलाईन की लंबित शिकायतों का निराकरण कराया जाता है। साथ ही लोक सेवा गारंटी के तहत प्रकरणों का निराकरण कराकर सेवाओं की प्रदायगी की जाती है। मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर का उद्देश्य है कि शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत जनता को सेवाएं प्राप्त होती रहे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कुछ प्लेटफार्म विकसित किए हैं। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन पोर्टल एक महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक शिकायतों को दर्ज कराते हैं, सेवाओं की मांग करते हैं। इसी प्रकार से एक और बहुत महत्वपूर्ण प्लेटफार्म है। वह लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जो लोक सेवा केंद्र बनाए गए हैं। लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को तय समय सीमा में सेवाओं को प्रदाय किया जाता है। जन विश्वास अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि प्रत्येक सप्ताह इसमें सीएम हेल्पलाइन पोर्टल और लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लोक सेवा केंद्रों पर नागरिकों के जो आवेदन पेंडिंग रहते हैं, लंबित रहती है,उनका निराकरण किया जाता है। उन्होंने कहा कि अभियान की राज्य सरकार द्वारा निरंतर समीक्षा की जाती हैं। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बने मकानों और भूखंडों के कानूनी मालिकाना हक के लिए निःशुल्क रजिस्ट्री योजना (मुख्यमंत्री स्वामित्व अधिकार अभिलेख निस्पादन योजना संचालित की जा रही है। जिले में 41 हजार रजिस्ट्री का लक्ष्य निर्धारित है। यह लक्ष्य माह नवम्बर तक पूर्ण कर लिया जायेगा।



शासन की योजनाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी। विभागीय स्टॉल के माध्यम से नागरिकों को योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस प्रकार शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिला।

उद्यम संवाद का हुआ आयोजन

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के साथ उद्यम संवाद का आयोजन भी किया गया। इसमें स्थानीय उद्यमियों ने सहभागिता करते हुए अपने अनुभव साझा किए तथा अपनी सफलता की कहानियां सुनाईं। उद्यमियों ने बताया कि किस प्रकार उन्होंने अपने प्रयासों, मेहनत और उपलब्ध अवसरों के माध्यम से अपने व्यवसाय को आगे बढाया के बारे में जानकारी दी। शिविर में खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष डॉ.के.पी.यादव, जिला पंचायत पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं के अंतर्गत हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, प्रतापभान सिंह यादव, जगन्नाथ सिंह यादव, जनपद पंचायत सदस्य रामराजा सिंह यादव,चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर, एसडीएम आदि रहे मौजूद।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान जनविश्वास शिविर का आयोजन किया

मंत्री टेटवाल व कलेक्टर ने सुनी नागरिकों की समस्याएं, बिजली संबंधी शिकायतों पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सारंगपुर में जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। इसमें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। मंत्री और कलेक्टर ने आवेदनों एवं शिकायतों पर एक-एक कर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों से जानकारी ली और समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। शिविर में नगर की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी नागरिकों ने खुलकर अपनी बात रखी। वार्ड क्रमांक 6 के पार्षद नासेरा बी आशिक मंसूरी ने मंत्री टेटवाल और कलेक्टर को समस्या बताई। वहीं बिजली संबंधी शिकायतों को लेकर भी कई नागरिकों ने अपनी परेशानी बताई। एक युवक ने खड़े होकर कहा कि उसके खिलाफ विद्युत चोरी का झूठा प्रकरण दर्ज कर दिया गया है। इसके अलावा विद्युत कटौती और अन्य समस्याओं को लेकर भी लोगों ने शिकायतें रखीं। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार निराकरण करने के निर्देश दिए।



ऊर्जा विभाग के अधिकारी को नोटिस के निर्देश

शिविर में विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति और शिकायतों के निराकरण की समीक्षा भी की गई। ऊर्जा विभाग के संबंधित अधिकारी के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। मंत्री टेटवाल ने कहा कि जनविश्वास शिविर में सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें और आमजन की समस्याओं को गंभीरता से लेकर प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करें।

सीएम हेल्पलाइन निराकरण में राजगढ़ आठवें स्थान पर

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में राजगढ़ जिला प्रदेश में आठवें स्थान पर है। उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने और शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने बताई सफलता की कहानी

शिविर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए। कृष्णा भीलाला ने बताया कि पहले वे मजदूरी करती थीं, लेकिन समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने अपना व्यवसाय शुरू किया। वर्तमान में वे अपनी गाड़ी से दोना-पत्तल की सप्लाई कर आत्मनिर्भर बनी हैं। इसी तरह एसडीएम कार्यालय से जुड़े बाबा रामदेव स्वयं सहायता समूह की जमुना ने बताया कि समूह से जुड़ने के बाद उनकी मासिक आय लगभग 10 हजार रुपये हो गई है। अब उन्हें मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता। वहीं रेखा स्वयं सहायता समूह की सरिता गोस्वामी ने बताया कि वे वर्ष 2018 से साबुन निर्माण का कार्य कर रही हैं। समूह के माध्यम से चार लाख रुपये का ऋण लेकर उन्होंने व्यवसाय का विस्तार किया है। वर्तमान में समूह जनपद पंचायत सारंगपुर में साबुन की आपूर्ति कर रहा है। समूह द्वारा लिक्विड सरीन साबुन और फिनाइल का निर्माण भी किया जा रहा है। इस पर मंत्री टेटवाल ने जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देश दिए कि छात्रावासों में स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों की खरीदी को प्रोत्साहित किया जाए, ताकि ग्रामीण महिलाओं को बाजार मिल सके।

महिलाओं को ऋण और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ वितरित

शिविर में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को ऋण वितरित कर स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही संबल योजना, पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत सात हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत भी सात हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें प्रत्येक हितग्राही को एक-एक लाख रुपये की राशि स्वीकृत/उपलब्ध कराई गई।

सीसीटीवी कैमरे लगाने वाली ग्राम पंचायतें सम्मानित

गांवों में सुरक्षा एवं निगरानी व्यवस्था मजबूत करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने वाली ग्राम पंचायतों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने इस पहल को ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। जनविश्वास शिविर के माध्यम से शासन और नागरिकों के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के निराकरण, पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने और महिला स्वावलंबन को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया। इस दौरान एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी महेश सुनैय्या तहसीलदार सुनील वर्मा, कपिल शर्मा, जनपद सीईओ हेमेन्द्र गोविल, थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

सौर ऊर्जा की नई पहलः आयुक्त ने पांच एचपी सोलर पंप व एग्री पीवी प्लांट देखा

जिले को सौर ऊर्जा में आत्मनिर्भर बनाने काम तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

जिले को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम तेज हो गया है। शुक्रवार को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग के आयुक्त तथा ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध संचालक अमित तोमर ने जिले का दौरा कर दो प्रमुख सौर ऊर्जा परियोजनाओं की जमीनी हकीकत देखी।

किसानों से जाना सोलर पंप का फीडबैक

निरीक्षण के पहले चरण में आयुक्त तोमर ग्राम जमुनिया जोहर पहुंचे। यहां उन्होंने 'पीएम कृषक मित्र सूर्य योजना' के तहत स्थापित किए जा रहे 5 एचपी क्षमता के सोलर पंपों की गुणवत्ता परखी। इस योजना के तहत पात्र किसानों को कुल लागत का मात्र 10 प्रतिशत अंशदान ही देना होगा। श्री तोमर ने मौके पर मौजूद किसानों से सीधे संवाद कर स्थापना कार्य के बारे में फीडबैक लिया और संबंधित एजेंसियों को तय समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए।



एक ही खेत से फसल और बिजली का दोहरा लाभ

इसके बाद आयुक्त नरसिंहगढ़ तहसील के ग्राम हिकमी पहुंचे, जहां निर्माणाधीन 2 मेगावाट के 'एग्री पीवी प्लांट' का जायजा लिया गया। उन्होंने प्लांट की तकनीकी व्यवस्था और निर्माण प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एग्री पीवी मॉडल किसानों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि इससे वे एक ही खेत में पारंपरिक खेती के साथ-साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी पैदा कर सकेंगे। इससे किसानों की आय में सीधा इजाफा होगा। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दोनों परियोजनाओं के निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और सभी कार्य निर्धारित समय पर पूरे किए जाएं।

गिट्टी से भरे डंपर की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत



सारंगपुर। लिमचौहान थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार किसान की मौत हो गई। किसान अपने गांव से खाद लेने जा रहा था तभी सामने से आ रहे गिट्टी से भरे डंपर ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे डायल 112 की मदद से सिविल अस्पताल सारंगपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सिमरोल निवासी गोपाल सिंह राजपूत पिता अर्जुन सिंह (42) शुक्रवार को अपनी बाइक से गांव से भ्याना स्थित खाद लेने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सामने से आ रहे गिट्टी से भरे डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किसान गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और तत्काल डायल 112 को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायल किसान को सिविल अस्पताल सारंगपुर लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

कलेक्टर ने किया रायपनिंग चेंबर व अमरूद फलोद्यान का निरीक्षण

60 मीट्रिक टन के रायपनिंग चेंबर की कार्यप्रणाली देखी, कृषक के अमरूद फलोद्यान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिले में कृषि एवं उद्यानिकी गतिविधियों का मैदानी स्तर पर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विकासखंड सारंगपुर के ग्राम बोकड़ी में श्री इंदर सिंह पच्चीसिया द्वारा स्थापित 60 मीट्रिक टन क्षमता के रायपनिंग चैंबर का निरीक्षण किया तथा इसकी कार्यप्रणाली एवं उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने पचोर में कृषक श्री बंटी के अमरूद फलोद्यान का निरीक्षण कर बागीचे में की जा रही उद्यानिकी गतिविधियों का अवलोकन किया।

उन्होंने फलोद्यान के रखरखाव एवं उत्पादन संबंधी जानकारी भी प्राप्त की। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने रायपनिंग चैंबर एवं अमरूद फलोद्यान



की सराहना करते हुए कहा कि कृषि एवं उद्यानिकी के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल किसानों के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायक है। आधुनिक तकनीक और नवाचार को अपनाकर किसान अपनी उपज का बेहतर प्रबंधन कर सकते हैं तथा कृषि को अधिक लाभकारी बना सकते हैं। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहे।

कचनारिया फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर का निरीक्षण किया एमएसएमई आयुक्त ने काम में तेजी लाने दिए निर्देश

शेष विद्युतीकरण कार्य प्राथमिकता से पूरा करने को कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭राजगढ़ (ब्यावरा)

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के आयुक्त कुमार पुरुषोत्तम ने ब्यावरा स्थित औद्योगिक क्षेत्र कचनारिया में बन रहे फूड प्रोसेसिंग क्लस्टर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्लस्टर में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को तय समय-सीमा में काम पूरा करने की सख्त हिदायत दी। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पुरुषोत्तम ने लघु उद्योग निगम के मुख्य महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में बचे हुए



विद्युतीकरण के कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। इसके साथ ही, क्लस्टर में उपलब्ध शेष अविकसित भूमि को विकसित करने के लिए तत्काल विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार कर प्रस्तुत करने को कहा, ताकि क्षेत्र का पूर्ण विस्तार हो सके।

निवेश बढ़ाने के लिए कार्यशाला आयोजित करने के निर्देशः क्लस्टर में नए उद्योगों को स्थापित करने और निवेश की संभावनाओं को तलाशने के लिए आयुक्त ने जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक को सक्रियता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण (फूड प्रोसेसिंग) क्षेत्र से जुड़े अधिक से अधिक निवेशकों से सीधा संपर्क स्थापित किया जाए। निवेश आकर्षित करने के लिए स्थानीय स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने, उद्योगपतियों के साथ बैठक करने और संभावित निवेशकों की सूची तैयार कर तत्काल संचालनालय को भेजने के निर्देश दिए गए हैं। आयुक्त ने स्पष्ट किया कि औद्योगिक क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विकास और निवेश को प्रोत्साहन देना सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय-सीमा में कार्यों को अंजाम दें।

स्वामित्व योजना व सीएम हेल्पलाइन की लंबित शिकायतों पर पटवारियों से की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭सारंगपुर

स्वामित्व योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों के निराकरण को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने सारंगपुर एसडीएम कार्यालय में पटवारियों के साथ वन-टू-वन चर्चा की। इस दौरान उन्होंने प्रत्येक पटवारी से उनके क्षेत्र में लंबित शिकायतों और स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। बैठक में मुख्य रूप से सीएम हेल्पलाइन पर लंबे समय से लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने पटवारियों से शिकायतों की स्थिति, उनके निराकरण में आ रही समस्याओं और अब तक की गई कार्रवाई के संबंध में सीधे जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को प्राथमिकता के आधार पर उनका निराकरण करने के निर्देश दिए, ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

इसके साथ ही स्वामित्व योजना को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में आबादी भूमि के सर्वे, अभिलेखों के संधारण तथा पात्र हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख उपलब्ध कराने से जुड़े कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने पटवारियों से उनके क्षेत्र की वास्तविक स्थिति जानी और योजना के कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने पर जोर दिया। कलेक्टर की इस वन-टू-वन चर्चा का उद्देश्य राजस्व संबंधी कार्यों में आ रही व्यावहारिक समस्याओं को समझना और लंबित प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाना रहा। इस दौरान एसडीएम जय सोलंकी, तहसीलदार सुनील वर्मा सहित क्षेत्र के पटवारी मौजूद रहे।

सांसद, विधायक व जिलाध्यक्ष रहे मौजूद

दीपावली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭नरसिंहगढ़

भारतीय जनता पार्टी का विधानसभा स्तरीय दीपावली मिलन समारोह शुक्रवार को सरस्वती स्कूल में आयोजित किया गया। समारोह में विधानसभा क्षेत्र से हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।

कार्यक्रम में सांसद रोडमल नागर और भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित तरीके से निरंतर जनता के बीच रहकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का



लाभ समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस दौरान उन्होंने भाजपा सरकार की उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी। समारोह को सांसद रोडमल नागर और जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने भी संबोधित किया। सहभोज के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया, कैलाश राज, कैलाश सोनी, जिला मंत्री सत्येंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मां नर्मदा की पैदल परिक्रमा पर निकले शैलेंद्र सिंह परमार ओंकारेश्वर से शुरू की यात्रा

नरसिंहगढ़। सदगुरु जी महाराज एवं गुरुदेव सरकार के प्रिय भक्त और मां नर्मदा के परम भक्त शैलेंद्र सिंह परमार (बना साहब) ने शुक्रवार को मां नर्मदा के आशीर्वाद से पैदल नर्मदा परिक्रमा की शुरुआत की। उन्होंने ओंकारेश्वर स्थित मां नर्मदा के गौमुख तट से विधि-विधान के साथ अपनी यात्रा प्रारंभ की। शैलेंद्र सिंह परमार की इस धार्मिक यात्रा को लेकर उनके शुभचिंतकों और परिचितों में प्रसन्नता है। सभी ने मां नर्मदा से उनकी यात्रा निर्विघ्न एवं मंगलमय होने की कामना की। भक्तों ने प्रार्थना की कि मां नर्मदा की कृपा और आशीर्वाद सदैव उन पर बना रहे तथा उन्हें परिक्रमा पूर्ण करने का सौभाग्य प्राप्त हो।



सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

78 कर्मचारियों को एक साल बाद भी नियुक्ति नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा में सहकारिता विभाग से जुड़े कर्मचारियों ने बैंकिंग क्षेत्र में पदोन्नति के नियुक्ति आदेश जल्द जारी करने की मांग की है। गुरुवार को उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मांग पूरी नहीं होने पर काम बंद कर हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कटारिया ने बताया कि समितियों में



काम करने वाले कर्मचारियों में से 60 प्रतिशत को पदोन्नति के जरिए बैंकिंग क्षेत्र में भर्ती किया जाना है। यह प्रक्रिया करीब चार-पांच साल से चल रही है। वर्ष 2020 में आदेश जारी होने के बाद प्रक्रिया शुरू हुई थी, लेकिन अब तक पूरी नहीं हुई। कर्मचारियों के मुताबिक, 25 जुलाई 2025 को विदिशा जिले के 78 कर्मचारियों की वरिष्ठता के आधार पर सूची जारी की गई थी। इसके बावजूद नियुक्ति आदेश जारी नहीं हुए हैं। कर्मचारियों का कहना है कि प्रदेश के कई अन्य जिलों में पदोन्नति और नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि विदिशा में यह मामला लंबित है।

कार्यालय नगर परिषद खुजनेर जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.

Fax & Ph.No.- 07372-257228 E-mail cmokhujner@mpurban.gov.in

क्रमांक / निर्माण /1298/2026 खुजनेर, दिनांक : 10.11.2026

// प्रथम एवं द्वितीय निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी	निविदा की अंतिम तिथि	निविदा का प्रकार
1	2026_UAD_548717_1 Date 12.11.26 10.30 AM	वार्ड क्र. 02 रामदेव मंदिर के पास तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 949845	1. 2000/- 2. 9498	27.11.2026 17.30 PM	प्रथम
2	2026_UAD_548721_1 Date 12.11.26 10.30 AM	वार्ड क्र.05 में श्री हनुमान गढ़ी रोड मंदिर के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 395695	1. 2000/- 2. 3956	27.11.2026 17.30 PM	प्रथम
3	2026_UAD_548726_1 Date 12.11.26 10.30 AM	वार्ड क्र. 15 में मोहन दादा के घर के पास सी.सी. रोड निर्माण कार्य	1. 03 माह 2. 949845	1. 2000/- 2. 9498	27.11.2026 17.30 PM	प्रथम
4	2026_UAD_548729_1 Date 12.11.26 10.30 AM	वार्ड क्र. 03 में छत्रपति माता मंदिर की बाउण्ड्री के पास नवीन दुकान निर्माण कार्य	1. 06 माह 2. 3845381	1. 5000/- 2. 28840	27.11.2026 17.30 PM	द्वितीय

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://mpetendar.gov.in/ की वेबवाइंट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। टेण्डर स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार वरिष्ठ अधिकारी / परिषद को रहेगा।

कैलाशी बाई अमर सिंह, अध्यक्ष, नगर परिषद खुजनेर | ब्रजेश उपाध्याय, उपयंत्री, नगर परिषद खुजनेर | कृष्णकांत शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद खुजनेर